प्रदेश में खुलेंगे नए पुलिस कार्यालय, थाने एवं चौकियाँ

चर्चा में क्यों?

8 अप्रैल, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को अधिक मज़बूत करने और इसकी आमजन तक सुगम पहुँच सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रदेश में नए पुलिस कार्यालयों, थानों एवं चौकियों को खोलने की मंजूरी दी है।

प्रमुख बिंदु

- उन्होंने कार्यालयों के लिये 1369 पदों के सृजन और आवश्यक संसाधनों के लिये लगभग 201 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी दी है।
- मुख्यमंत्री के निर्णय से वैर (भरतपुर), परबतसर (नागौर), खैरवाड़ा (उदयपुर), एडीएफ (धौलपुर) एवं लालसोट (दौसा) में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय खोले जाएंगे।
- इसी प्रकार अरनोद (प्रतापगढ़), तालेड़ा (बूंदी), पहाड़ी (भरतपुर), गंगाशहर (बीकानेर), रामसर (बाड़मेर), बौंली (सवाईमाधोपुर), खंडेला (सीकर), अजीतगढ़ (सीकर), सिवाना (बाडमेर) एवं आहोर (जालौर) में उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय खोले जाएंगे।
- वैशाली नगर (अलवर), मुक्ता प्रसाद नगर (बीकानेर), श्रीनाथ जी (राजसमंद), गोकुलपुरा (सीकर) एवं सदर पुलिस थाना बयाना (भरतपुर) में नवीन शहरी पुलिस थाने खुलेंगे। इसी प्रकार बासदयाल (अलवर), हदां (बीकानेर), राहुवास (दौसा), तनोट (जैसलमेर) एवं गोठड़ा (झुंझुनूँ) में नवीन ग्रामीण थाने खुलेंगे।
- डीडवाना (नागौर), नावाँ (नागौर) एवं कोटपूतली (जयपुर) में तीन नवीन महिला थाने खुलेंगे।
- प्रदेश की 10 पुलिस चौकी पुलिस थानों में क्रमोन्नत की गई है। इनमें अंगाई (धौलपुर), मोर (टोंक), सुलताना (झुंझुनूँ), बबाई (झुंझुनूं), जनूथर (भरतपुर), नबिी जोधा (नागौर), बडू (नागौर), डाबला (सीकर), कैलाशनगर (सिरोही) एवं जाजोद (सीकर) पुलिस चौकी क्रमोन्नत हुई है।
- प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में 38 नवीन पुलिस चौकियाँ भी खोली जाएंगी। इन पुलिस कार्यालयों, थानों एवं चौकियों के सृजन से प्रदेश में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-police-offices,-police-stations-and-outposts-will-be-opened-in-the-state